कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-05.01.2025

विषय:- चोरी की 01 अदद बाइक के साथ 02 वाहन चोर 1-आयुष गुप्ता व 2-रवि प्रजापति उर्फ सनी थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान थाना सिगरा कमि0 वाराणसी मे पंजीकृत वाहन चोरी के मुकदमे से सम्बन्धित 02 नफ़र वांछित अभियुक्तगण 1. आयुष गुप्ता पुत्र बबलू गुप्ता निवासी मढौली थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी व 2. रवि प्रजापति उर्फ सनी पुत्र किशोर निवासी सलारपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को आज दिनांक-05.01.2025 को समय करीब 11.25 बजे ग्राम कोरौता सिटकहवा बाबा मंदिर थाना लोहता जनपद वाराणसी से चोरी की 01 अदद बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरादमगी के आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0-001/2025 धारा 317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. आयुष गुप्ता पुत्र बबलू गुप्ता निवासी मढौली थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी, उम्र 19 वर्ष।
2. रवि प्रजापति उर्फ सनी पुत्र किशोर निवासी सलारपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी, उम्र 19 वर्ष।

पूछताछ का विवरण- दोनों अभियुक्तगण आयुष गुप्ता व रवि प्रजापति उर्फ सनी ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मोटर साईकिल चोरी की है और इस मोटर साईकिल को हम दोनों ने मिलकर करीब एक सप्ताह पूर्व रोड़वेज के पास से चोरी किया था तथा इसका नंबर प्लेट हटाकर अपने काम से इसको इस्तेमाल कर रहे थे। आज इसलिये हम लोग डर कर मोटर साईकिल मोड़ कर भाग रहे थे कि मोटर साईकिल एकदम से फिसल गयी और हम लोग गिर गये और मोटर साईकिल छोड़कर भागने लगे लेकिन आप लोगों के द्वारा हमें पकड़ लिया गया।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद चोरी की मोटरसाईकिल TVS अपाची RTR-180 रंग सफेद जिसका चेचिस नं0-MD634KE60G2N06705 है **(सम्बन्धित मु0अ0सं0-007/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना सिगरा कमि0 वाराणसी)** बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- ग्राम कोरौता सिटकहवा बाबा मंदिर थाना लोहता जनपद वाराणसी से, दिनांक 05.01.2025 को समय करीब 11.25 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-007/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0-001/2025 धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 अमित कुमार यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अनुज कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अजय राय थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 मोहन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 प्रवीन कुमार सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 सत्यप्रकाश सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 अजीत कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।